# कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल वाराणसी

पत्रांकः एन0ओ0सी0 /          /2011–12 दिनांक 18/10/2011

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर।

कृपया अध्यक्ष कृष्णा संजीवनी मानस सेवा संस्थान कोदहू इलाहाबाद रोड मुगराबादशाहपुर जौनपुर द्वारा अपने पत्र दिनांक 8.10.11 के माध्यम से एक आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त कराया गया है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुगराबादशाहपुर जौनपुर ने अपने पत्र दिनांक 4.8.2011 द्वारा यह नोटिस जारी किया है कि "विद्यालय बिना मान्यता के संचालित है। अतः तीन दिन के अन्दर विद्यालय बंद कर दिया जाय।"

उपरोक्त संदर्भगत प्रकरण में आपको अवगत कराना है कि सम्बन्धित विद्यालय द्वारा सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में पत्रावली अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करायी गयी थीं। शासन द्वारा गठित मण्डलीय समिति में सम्बन्धित पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत की गयी जिसमें समिति द्वारा पत्रावली के परीक्षणोपरान्त सभी मानको की पूर्णता की स्थिति में संदर्भगत विद्यालय को इस कार्यालय के पत्रांक एन0ओ0सी0/2018–24/11–12 दिनांक 24.6.2011 को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के उपरान्त संदर्भगत विद्यालय को कक्षा–8 तक स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने का अधिकार प्राप्त है। सी0बी0एस0ई0 बोर्ड द्वारा जारी नियमावली के चैप्टर द्वितीय में भी इनका उल्लेख किया गया है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त विद्यालय कक्षा–1 से 08 तक संचालित किया जा सकता है।

(ओ0पी0 द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

पृ0सं0 एन0ओ0सी0/ 11241-42 /2009–10

प्रतिलिपि कृष्णा संजीवनी मानस सेवा संस्थान कोदहू इलाहाबाद रोड मुगराबादशाहपुर जौनपुर को उनके पत्र दिनांक 8.10.2011 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(ओ0पी0 द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

B.E.O. ... [handwritten, stamp: ... बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर]

Regd. No. 1956/2008-09 Mob. [illegible]

# कृष्णा संजीवनी मानव सेवा संस्थान

# Krishna Sanjiwani Manav Sewa Sansthan


कोदहूँ, इलाहाबाद रोड
पोस्ट- मुँगरा बादशाहपुर
जनपद- जौनपुर
पिन- 222 202

Kodahun, Allahabad Road
Post :- Mungra Badshahpur
Distt :- Jaunpur (U.P.)
Pin :- 222 202


सन्दर्भ संख्या/Reference No. V.SCC/Rec/11/BSA  दिनांक / Date 31.10.11

विद्यालय को मान्यता देने के लिए आवेदन सहित स्वघोषणा
उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011

सेवा में,
जिला–शिक्षा अधिकारी
जौनपुर उत्तर प्रदेश

महोदय,

मैं निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की अनुसूचि में विनिर्दिष्ट मानदंडो और मानको के अनुपालन के सम्बन्ध में एक घोषणा करता हूँ और विज्ञान संजीवनी सेन्ट्रल कालेज ग्राम–कोदहूँ, इलाहाबाद रोड पोस्ट– मुँ0 बादशाहपुर, जिला–जौनपुर उत्तर प्रदेश हेतु शैक्षिक सत्र 2010–11 के प्रारम्भ से मान्यता के स्वीकृति के लिए विहित प्रपत्र में एक आवेदन प्रस्तुत करता हूँ

संलग्नक :– 1. D.D No. 454307 Dated 31-10-2011 for R.S. 3000/in favour of Distt. Basic Education Officer to Application for Recognition under R.T.E. 2009
3- N.O.C./recognition letter No. N.O.C./2018-24/2011-12 at 24-06-2011 from J.D.
4 मुकम्म रोधी एवं N.B.C.प्रमाण पत्र No. 316/IC at 31.05.2011 Ex Eng. Jaunpur,
5. अग्नि समन अधिकारी द्वारा अग्नि समन प्रमाण पत्र नं0 I-11/F5-2009 at 31-05-11
6. सोसाईटी का पंजीकरण प्रमान
7. हलफ नामा गैर सम्मपत्तिक चरित्र सम्बन्धी
8. Land Cetificate and khata certificate.

[signature]
फूलचन्द्र पाण्डेय
चेयरमैन, कृष्णा संजीवनी मानव सेवा संस्थान .
ग्राम – सिहई का पूरा
पोस्ट–भीखपुर, मुँगराबादशाहपुर,जौनपुर

[signature] [signature]
CHAIRMAN
Krishna Sanjiwani Manav Sewa Sanstha
Mungra Badshahpur Jaunpur

25 निरीक्षक की पत्रावली पूर्ण की प्राप्त किया। [signature] 22-11-12

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी मुँ0 बादशाहपुर, जौनपुर

पत्रांक / मे०जो / 2012–13 |                दिनांक 04/03/2013

सेवा में,

श्रीमान् जिलाबेसिक शिक्षाधिकारी,

जनपद जौनपुर

**विषयः विज्ञान संजीवनी सेन्ट्रल कालेज कोदहू मुँ0 बादशाहपुर की जाँच आख्या प्रेषण करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना हैं कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के दिनांक 03/12/2012 के आदेश के क्रम में दिनांक 12/02/2013 को विज्ञान संजीवनी सेन्ट्रल कालेज कोदहू मुँ0बादशाहपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।आख्या बिन्दुवार निम्नलिखित है।

1 भूमि संस्थान के नाम दर्ज हैं उद्धरण खतौनी संलग्न है।

2 विद्यालय में 20 X 25 के आठ शिक्षण कक्ष 20 X 30 का एक प्रयोगशाला एक प्रधानाध्यापक कक्ष कार्यालय कक्ष एक पुस्तकालय कक्ष एक कम्प्यूटर कक्ष है। विद्यालय में बालक/बालिकाओं हेतु अलग–अलग शौचालय की व्यवस्था है। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा भूकंप रोधी प्रमाण – पत्र संलग्न ।

3 विद्यालय संसोधित सोसाइटि रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अधीन "कृष्णा संजीवनी सेवा संस्था कोदहू मुँ0बादशाहपुर जौनपुर" के नाम पंजीकृत है। जो कि 27/03/2014 तक विधि मान्य है।

4 विद्यालय द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क रू0 10000 दिनांक 07/05/2010 को भारतीय स्टेट बैंक मछलीशहर जौनपुर में जमा किया गया है।

5 विद्यालय में 01 प्रधानाध्यापक, 09 सहायक अध्यापक, 02 लिपिक, 04 परिचारक है। विद्यालय में 8 अध्यापक प्रशिक्षित है।

6 विज्ञान संजीवनी सेन्ट्रल कालेज कोवढ़ू मुँ0बादशाहपुर जौनपुर की सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता निर्गत कि गयी है, मान्यता की प्रति संलग्न है।

7 विद्यालय मे कुल कक्षा 01 से 08 तक बालक/बालिका कि कुल छात्र संख्या 268 है। एस0आर0 की छायाप्रति संलग्न है। जिसमें 70 छात्र गरीबी रेखा के नीचे है। निरीक्षण के समय छात्र उपस्थिति निम्नवत है।

| कक्षा | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालक | 18 | 23 | 17 | 26 | 09 | 15 | 19 | 14 | 141 |
| बालिका | 16 | 08 | 13 | 06 | 15 | 14 | 15 | 11 | 98 |
| योग | 34 | 31 | 30 | 32 | 24 | 29 | 23 | 35 | 239 |

8 विद्यालय में क्रीडा स्थल, पुस्तकालय मे पर्याप्त मात्रा में पुस्तक, लेखन/शिक्षण सामाग्री पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर उपलब्ध है। रसीद की छायाप्रति संलग्न है।

उपरोक्त तथ्यो को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सादर प्रेषित।

(रजनीश शुक्ला)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर
मु0बादशाहपुर,जौनपुर